यूटीयू के दीक्षांत समारोह में 8138 छात्र होंगे उत्तीर्ण

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) का 7वां दीक्षांत समारोह 10 अक्तूबर को आयोजित किया जाएगा। इसमें विवि से कुल 8138 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण होंगे। वहीं, 164 छात्रों को कुलाधिपति उपाधि देंगे। समारोह के संबंध में विवि ने अपनी विद्या परिषद एवं कार्य परिषद की बैठकों में अनुमोदन लेकर तैयारी पूरी कर ली है।

विवि मुख्यालय सुद्धोवाला में आयोजित होने वाले समारोह के संबंध में जानकारी देते हुए विवि के कुलसचिव प्रो. सत्येन्द्र

10 अक्तूबर को समारोह आयोजित कर 164 छात्रों को मिलेगी उपाधि

सिंह ने बताया कि पिछले दो सालों (वर्ष 2021-22 से 2022-23 तक) के 6,190 स्नातक एवं 1,948 परास्नातक के छात्र-छात्राओं, 105 गोल्ड व सिल्वर मेडलिस्ट और वर्ष 2022 से अगस्त 2023 तक के 59 पीएचडी धारकों को कुलाधिपति/राज्यपाल की ओर से उपाधि दी जाएगी। व्यक्तिगत रूप से 164 चयनित छात्र-छात्राओं को भी उपाधि दी जाएगी। संवाद